भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1736#
गुरूवार, 3 अगस्त, 2023/12 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर

1736# श्री नरहरी अमीन:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर विकसित करने की कोई योजना बनाई गई है;

(ख) यदि हां, तो राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की विशेषताएं क्या हैं;

(ग) इस परिसर को विकसित करने हेतु सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि खर्च की जा रही है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस परिसर के विकसित होने के पश्चात इस क्षेत्र में समुद्री पर्यटन और रोजगार वृद्धि की क्या संभावनाएं हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) के विकास के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया गया है। एनएमएचसी परियोजना के मुख्य घटकों में शामिल हैं:

(i) 14 दीर्घाओं का एनएमएचसी संग्रहालय
(ii) लोथल नगर और ओपन जलीय दीर्घा
(iii) लाइटहाउस संग्रहालय
(iv) तटीय राज्य पवेलियन
(v) लोथल शहर का पुनर्निमाण
(vi) इको रिजॉर्ट और म्यूजियोटल
(vii) थीम आधारित पार्क आदि

परियोजना के चरण-1क के लिए 573.12 करोड़ रु. की अनुमानित लागत अनुमोदित की गई है ।

यह अपेक्षित है कि एक वार इस परियोजना के पूरा होने के बाद व्यस्ततम दिनों के दौरान प्रतिदिन लगभग 25,000 पर्यटकों के आगमन का अनुमान है । यह परियोजना राज्य में रोजगार सृजित करेगी और पर्यटन, कर राजस्व और संबद्ध अवसंरचना के विकास के माध्यम से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी ।

*****